श्री बंशीधर नगर शुक्रवार
03.07.2026
आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्थी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 310

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

10 लाभुकों को मिले लर्निंग लाइसेंस >> पेज 03
'जना नायकन' को हरी झंडी मिलने की संभावना >> पेज 05

**सुविचार**
ऐसा लगता है कि हम अपनी सफलताओं की तुलना में अपनी असफलताओं के माध्यम से अधिक आसानी से ज्ञान प्राप्त करते हैं।

**कैबिनेट** राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर लगायी गयी मुहर

# रिम्स -2 की स्थापना के लिए 41.89 अरब रु. की स्वीकृति

**रांची।** राज्य सरकार ने रिम्स-2 निर्माण की स्वीकृति दे दी है। गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में रिम्स-2 के निर्माण के लिए 41 अरब 89 करोड 41 लाख 26 हजार 604 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि रिम्स-2 के निर्माण के लिए जागृति पीएमयू का गठन किया गया है। साथ ही वित्त नियमावली के नियमों को शिथिल करते हुए



आईआईएम रांची को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में और एक्सआईएसएस रांची को इंपैक्ट ऑफ असेस्मेंट के लिए कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि रिम्स-2 के निर्माण के लिए नगडी में राज्य सरकार ने 227 एकड भूमि अधिगृहित और चहारदिवारी का निर्माण किया जा रहा है। यह जमीन कृषि योग्या भूमि है। इसे लेकर स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोग और प्रशासन के बीच विवाद चल रहा है। कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।

### अन्य फैसले

- कैबिनेट ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में इंटर्नशिप करने वाले विदेशी मेडिकल स्नातकों को भी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के नियमों के अनुसार स्टाइपेंड देने का फैसला किया है।
- वर्ष 2015 से लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कराईकेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिकांत प्रसाद को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई।
- पाकुड़ में दो सड़क परियोजनाओं के लिए 128.20 करोड़ रुपये, दुमका में गोविंदपुर-साहिबगंज सड़क के चौड़ीकरण के लिए 221.40 करोड़ रुपये, साहिबगंज में गोपालाडीह-भोगनाडीह सड़क निर्माण के लिए 88.84 करोड़ रुपये, रांची में धुर्वा गोलचक्कर से पुलिस मुख्यालय तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 36.30 करोड़ रुपये और चतरा में सिमरिया-टंडवा सड़क के सुधार के लिए 33.76 करोड़ रुपये की स्वीकृती दी गई।
- कैबिनेट में प्रखंडों और अंचलों में पदस्थापन के भी मापदंड तय किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सेवा के 271 प्रशासनिक पदों में 164 पदों पर बीडीओ और सीओ का पदस्थापन होगा। इसमें से 53 पद सिर्फ सीओ के होंगे और 54 पदों पर सिर्फ बीडीओ का पदस्थापन होगा।
- झारखंड योजना सेवा नियमावली 2026, राज्य समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग नियमावली 2026 और निम्नवर्गीय लिपिक सह कंप्यूटर संचालक सेवा संवर्ग नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई। वहीं अब सभी नवनियुक्त सरकारी कर्मियों के लिए पदभार ग्रहण करते समय निष्ठा और गोपनीयता की शपथ लेना अनिवार्य होगा।
- शिक्षा के क्षेत्र में बोकारो के चंदनकियारी में पेमिया ऋषिकेश विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी करने को मंजूरी दी गई।
- विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के लिए नई रोजगार योजना को नीतिगत मंजूरी दी गई।
- राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरायकेला के कोलाबीरा में एक निजी कंपनी को 18 एकड़ जमीन 30 साल की लीज पर देने का फैसला लिया गया।
- 08 और 09 जुलाई को नई दिल्ली में होने वाले नेशनल स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन 2026 के आयोजन को भी मंजूरी दी गई।

**न्यूज अपडेट्स**

### रिम्स में यूजी, पीजी व सुपर स्पेशियलिटी सीटें बढ़ाने की तैयारी

**रांची।** राज्य सरकार ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में एमबीबीएस, पीजी और सुपर स्पेशियलिटी सीटों में प्रस्तावित वृद्धि के अनुरूप आधारभूत संरचना विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेपाल हाउस में गुरूवार को हुई समीक्षा बैठक में ली गई। बैठक में बढ़ी हुई सीटों के अनुसार भवन, हॉस्टल, प्रयोगशालाओं, ऑपरेशन थिएटर, उपकरण, फैकल्टी, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य संसाधनों की आवश्यकता का आकलन किया गया। मौके पर बताया गया कि रिम्स में एमबीबीएस सीटें 176 से बढ़ाकर 250, पीजी सीटें 180 से 275 और सुपर स्पेशियलिटी सीटें 11 से बढ़ाकर 100 करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को भेजा गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि बढ़ी हुई सीटों के अनुरूप विस्तृत परियोजना तैयार कर भारत सरकार को भेजी जाएगी, ताकि प्रति अतिरिक्त सीट लगभग 1.5 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने जेएसबीसीसीएल को 15 दिनों के भीतर संशोधित डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता का दिया संदेश

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरवार को रांची के कांके स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत स्वयं एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी पात्र मतदाताओं से तय समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के समक्ष निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर-290 की बीएलओ ने एन्यूमरेशन फार्म भरने की प्रक्रिया पूरी की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वयं अपना एन्यूमरेशन प्रपत्र




भरकर जमा किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना एसआईआर प्रपत्र भरें तथा मतदाता सूची में अपनी जानकारी का सत्यापन सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला है। मुख्यमंत्री ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र मतदाता एसआईआर अभियान में बढ़-चढ़कर अपनी महती भूमिका निभाएं तथा अपने परिवार, पास-पड़ोस और समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित होकर एसआईआर प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, ई आर ओ-सह-एडीएम धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, बीएलओ वेरोनिका देवी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री से आईटी और उद्योग विभाग के सचिव ने की मुलाकात, किया आमंत्रित**

# नई दिल्ली में राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन 8-9 को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखण्ड मंत्रालय में सचिव आईटी विभाग पूजा सिंघल और सचिव उद्योग विभाग अरवा राजकमल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उक्त अधिकारियों ने आगामी 08 एवं 09 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन (नेशनल स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन) में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि झारखण्ड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 08 और 09 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में 'नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अगुवाई में होने वाले इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राज्य के औद्योगिक, तकनीकी और पर्यटन विकास का रोडमैप खींचा जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कई बड़े नीति निर्धारक, निवेशक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम बदलते परिवेश को देखते हुए झारखण्ड में आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल गवर्नेंस, औद्योगिक विकास और पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाओं को आगे बढ़ाने तथा एक्सप्लोर इंफिनाइट अपॉर्चुनिटीज के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सरकार का मानना है कि इस आयोजन से न केवल झारखण्ड में निवेश आएगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह आयोजन विश्व आर्थिक मंच, दावोस में राज्य की पहली बार हुई मौजूदगी और उससे निकले परिणाम को मजबूत करने और राज्य में वैश्विक निवेश को गति देने, राज्य की कोर थीम ₹एक्सप्लोर इंफिनाइट अपॉर्चुनिटीज₹ को धरातल पर उतारने और 'झारखण्ड विजन 2050' के दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम के पहले दिन के पहले सत्र में 'डिजिटल गवर्नेंस और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर' पर गहन चर्चा होगी। इसमें देश के शीर्ष आईटी विशेषज्ञ और सरकारी नीति निमार्ता झारखण्ड में आधुनिक आईटी, आईटी पार्क, एआई और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े निवेश तथा साझेदारी को तलाशने पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद सरकार और आईटी,एआई और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े व्यापारिक प्रतिनिधियों के बीच (बीटूजी ) सीधी बातचीत होगी। पहले दिन का समापन 'झारखण्ड में एआई भविष्य को आकार देना' विषय पर केंद्रित विशेष सत्र से होगा, जहां राज्य के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नीति प्रारूप पर चर्चा होगी और एआई क्षेत्र की संभावनाओं पर जोर रहेगा। इस बीच आईटी विभाग और कंपनियों के बीच कुछ एमओयू भी हस्ताक्षर किया जायेगा।

# राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 'अमृतलाल नागर : भारतीय धर्म व संस्कृति' पुस्तक का अनावरण किया



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को अमृतलाल नागर भारतीय धर्म और संस्कृति पुस्तक का लोकार्पण करते हुए कहा कि भारतीय धर्म और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को समझने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने में ऐसे शोधपरक ग्रंथों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक अमृतलाल नागर के कथा-साहित्य के माध्यम से भारतीय धर्म, संस्कृति और जीवन-मूल्यों का गंभीर व संतुलित अध्ययन प्रस्तुत करती है। राज्यपाल ने कहा कि अमृतलाल नागर का साहित्य भारतीय समाज, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त दस्तावेज है। भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, समन्वय और मानवीय दृष्टिकोण जैसे मूल्यों का पुस्तक में गंभीरता से उल्लेख किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा भारतीय संस्कृति में रुचि रखने वाले सभी पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देगी। राज्यपाल ने अपने जीवन के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान उन्हें लगभग एक वर्ष तक कारागार में रहना पड़ा था। उस अवधि में उन्हें अनेक साहित्यिक पुस्तकों एवं उपन्यासों के अध्ययन का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उसी समय उन्होंने अमृतलाल नागर सहित अनेक साहित्यकारों की कृतियों का गहन अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी साहित्य की अपनी अलग विशेषता और समृद्ध परंपरा है, जो भारतीय समाज, संस्कृति और मानवीय मूल्यों को गहराई से अभिव्यक्त करती है। राज्यपाल ने पुस्तक की लेखिका डॉ. समीक्षा मिश्र को इस कृति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज अपडेट्स

### ओपन जेलों की निगरानी पर हाईकोर्ट सख्त

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ओपन जेलों की निगरानी व्यवस्था पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने सरकार को 20 जुलाई तक विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में ओपन जेल की मॉनिटरिंग को लेकर कमेटी गठित कर दी गई। इस पर अदालत ने 20 जुलाई तक सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर आगे की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को 10 दिनों में तीन सदस्यीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही सरकार को 24 जून 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया था। राज्य सरकार को झारखंड में संचालित सभी ओपन जेल की स्थिति, प्रबंधन और कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने देश के सभी राज्यों को ओपन जेल की मॉनिटरिंग करने के लिए गृह विभाग को एक कमेटी बनाने को कहा है। कमेटी ओपन जेल की मॉनिटरिंग करें और वहां मिल रही चिकित्सा सुविधा, भोजन आदि सुविधा को बेहतर करने सहित कैदियों को मुख्य धारा से जोड़ने पर काम करें।

## समारोह

### 7वें झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में राज्यपाल ने कहा

# निरंतर परिश्रम से किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति संभव

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सम्मान केवल किसी व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि उसके माध्यम से परिश्रम, ईमानदारी, अनुशासन, सेवा-भाव और समर्पण जैसे जीवन-मूल्यों का भी सम्मान होता है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी सम्मानित व्यक्तित्वों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां समाज, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।



राज्यपाल गुरुवार को यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य शाखा की ओर से रांची के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित '7वें झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड समारोह' बोल रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में केवल सफलता प्राप्त करने का ही नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान और प्रेरणादायी व्यक्तित्व बनने का भी संकल्प लें।

राज्यपाल ने कहा कि यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया जैसे संगठन युवाओं में साहसिक गतिविधियों, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ऐसे प्रयास युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के सशक्त निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। युवाओं को नवाचार, कौशल विकास, स्टार्ट-अप, खेल, फिटनेस तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने सभी सम्मानित विभूतियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने उत्कृष्ट कार्यों से समाज और राष्ट्र को निरंतर नई दिशा प्रदान करते रहेंगे।

मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 'एक्सीलेंस अवार्ड' केवल सम्मान नहीं, बल्कि उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जिस भी क्षेत्र में कार्य करे, उत्कृष्टता को अपना लक्ष्य बनाए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य रखा है, जिसकी प्राप्ति में समाज के प्रत्येक क्षेत्र के लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज भारत के युवा विश्व की अनेक प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव एवं यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (झारखंड) के अध्यक्ष डॉ नितिन कुलकर्णी ने कहा कि संस्था प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के सम्मान समारोह का आयोजन करती है।

उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रहित और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज लेखन, कला, खेल, शिक्षा, सामाजिक सेवा तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जा रहा है।

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को रांची के लोक भवन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत स्वयं गणना प्रपत्र भरकर एवं उस पर हस्ताक्षर कर 63- रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-16 की बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) मंजू कच्छप को सौंपा। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के जिला



निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ)-सह-अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत उपस्थित थे। राज्यपाल ने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से आह्वान किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जब बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) उनके घर गणना प्रपत्र लेकर आएँ, तो वे उसे तत्काल भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को उपलब्ध कराएँ, ताकि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके। राज्यपाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस महत्वपूर्ण अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके समर्पित प्रयासों से राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज किया जा सकेगा।

## ग्रमीण विकास मंत्री ने 25 बीडीओ को उपलब्ध कराया विभागीय वाहन



**रांची।** ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग की ओर से राज्य के 25 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को विभागीय वाहन उपलब्ध कराए गए। झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विभागीय मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने सभी नवनियुक्त बीडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पहल से विकास योजनाओं की जमीनी निगरानी, क्षेत्रीय निरीक्षण और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान में तेजी आएगी। मंत्री ने अधिकारियों से संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारियों की कार्यशैली से सरकार की छवि बनती है, इसलिए टालमटोल की प्रवृत्ति से बचते हुए योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वाहन की कमी के कारण कई बार योजनाओं की निगरानी प्रभावित होती थी, जिसे दूर करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शेष प्रखंडों में भी जल्द विभागीय वाहन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में अधिकारियों पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने पंचायतों को आय के स्रोत बढ़ाने, डिजिटल पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने और पंचायत स्तर पर अधिकाधिक सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में सचिव मनोज कुमार, अपर सचिव प्रेरणा दीक्षित, अपर सचिव अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव एस अली खान सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## सास की हत्या में बहू दोषी करार, सजा पर 14 जुलाई को सुनवाई

रांची। रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के दौरान सास की हत्या के मामले में अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने आरोपित बहू फूलो देवी को दोषी ठहराया है। अदालत सजा के बिंदु पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी। मामले में फूलो देवी ट्रायल का सामना कर रही थी। अभियोजन के अनुसार, घटना 9 जून 2024 को लापुंग थाना क्षेत्र के कारूंम गांव में हुई थी। आरोपित के पति ने घटना के बाद लापुंग थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के मुताबिक, आपसी विवाद के दौरान फूलो देवी ने अपनी सास मानमईत देवी के सिर पर ईंट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उन्हें जमीन पर पटककर गला दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा

# मतदाताओं की समस्याओं का समय पर समाधान कराएं

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के क्रम में मतदाताओं की ओर से प्राप्त हो रहे शिकायतों का ससमय समाधान करें। बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है, ऐसी स्थिति में यदि किसी मतदाता को अपने फॉर्म भरने या एसआईआर संबंधित किसी प्रकार की समस्या या शिकायत है तो वे टोलफ्री नंबर 1950



या बुक ए कॉल की ओर से एसआईआर से सम्बंधित किसी प्रकार की शिकायत के लिए संपर्क करना चाहिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को निर्वाचन सदन से विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी और हेल्प डेस्क मैनेजर के साथ मतदाताओं की ओर से विभिन्न माध्यमों से आने वाले शिकायतों के निवारण की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को सेवा प्रदान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कुछ मतदाता जो अपने बीएलओ से संपर्क कर अपना इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त करना चाहते हैं या फॉर्म भरने में किसी प्रकार की समस्या या किसी प्रकार की शिकायत है तो वे भारत निर्वाचन आयोग के 1950 टोलफ्री नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं। कुमार ने बताया कि मतदाता विभिन्न माध्यमों से अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते है या अपने संशय का समाधान करा सकते हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के क्रम में सभी बीएलओ ने अपने मतदान केंद्र के क्षेत्र वाले घरों में एसआईआर स्टीकर लगाया गया है जिसपर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ का नाम और मोबाइल नम्बर उपलब्ध है। मतदाता इन नंबर पर कॉल कर अपने बीएलएओ से संपर्क कर अपने समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

**बुक ए कॉल :** भारत निर्वाचन आयोग के ईसीआईएनईटी एप्लिकेशन पर बुक ए कॉल फीचर उपलब्ध है। ऐप के इस फीचर का इस्तेमाल करते हुए मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र का संख्या भरेंगे तो उनके अपने बीएलएओ को कॉल चला जाएगा। बीएलओ 48 घंटे के भीतर कॉल बैक कर आपके समस्याओं को सुनेंगी एवं उसका समाधान करेंगी।

**कनेक्ट विथ इलेक्शन ऑफिसियल :** भारत निर्वाचन आयोग के ईसीआईएनईटी एप्लिकेशन पर कनेक्ट विथ इलेक्शन ऑफिसियल फीचर उपलब्ध है इस फीचर के माध्यम में भी मतदाता पहचान पत्र संख्या भरने के बाद मतदाता को उनके बीएलओ का फोन नंबर उपलब्ध हो जाता है, जिसके माध्यम से मतदाता अपने बीएलओ को संपर्क कर सकते हैं।

**टोल फ्री नंबर 1950 :** मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 के माध्यम से भी अपने नजदीकी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस टोल फ्री नंबर पर हेल्प डेस्क मैनेजर उपलब्ध रहेंगे जो मतदाताओं के सभी शंकाओं का समाधान करेंगे इसके साथ-साथ उनसे प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए पदाधिकारियों को भी सूचित करेंगे।

भारत निर्वाचन के इस ऑनलाइन शिकायत निवारण पोर्टल पर भी मतदाता अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जिसका फॉलोअप करते हुए तय समयसीमा के अंदर समाधान किया जाता है।



# दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले में 166 युवाओं को मिले ऑफर लेटर

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में स्थानीय टाउन हॉल में मंगलवार को आयोजित दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2026 का श्रीगणेश डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता एवं जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। जिले भर से 1200 से अधिक अभ्यर्थियों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया। चयन प्रक्रिया के बाद 411 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें से 166 युवाओं को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान मिला। चयनित अभ्यर्थियों को गार्ड, ट्रेनर, स्टोर कीपर, टेक्नीशियन और मशीन ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर रोजगार मिला। कई पदों पर 20 हजार रुपये प्रतिमाह तक वेतन का प्रस्ताव भी दिया गया। उस मौके पर डीसी ने सांकेतिक रूप से चयनित युवाओं को ऑफर लेटर सौंपते हुए कहा कि शिक्षा के बाद रोजगार जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव है। समय पर रोजगार मिलने से युवाओं की प्रतिभा और कौशल का बेहतर उपयोग होता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन करता रहेगा। मेले में जिला प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### 5 जुलाई को होगा संघ के साप्ताहिक मिलन का वार्षिकोत्सव

**मेदिनीनगर:** आरएसएस मेदिनीनगर कार्यालय में संचालित साप्ताहिक मिलन (रविवारीय सायंकालीन शाखा) के चार वर्ष पूर्ण होने पर 5 जुलाई को वार्षिकोत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संघ कार्यालय परिसर में होगा, जिसके बाद सामूहिक भोजन-प्रसाद का आयोजन होगा। स्वयंसेवक ब्रजेश कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में बौद्धिक सत्र, संगठनात्मक चर्चा और स्वयंसेवकों के अनुभव साझा किए जाएंगे। उन्होंने स्वयंसेवकों, शुभचिंतकों और प्रबुद्ध नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। वरिष्ठ स्वयंसेवक सीताराम जी ने प्रत्येक स्वयंसेवक से कम से कम पांच सहयोगियों के साथ कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

### वज्रपात से एक युवक की मौत

**पांडू :** थाना क्षेत्र के ओबरा गांव निवासी ललन भुईयां के 19 वर्षीय पुत्र आनंद भुईयां की मौत वज्रपात से हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना गुरुवार दोपहर तीन बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार आनंद भुईयां अपने झोपड़ीनुमा घर में दो साथी के साथ बैठकर मोबाईल देख रहा था। इसी दौरान अचानक वज्रपात हो गया जिससे आनंद भुईयां की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि साथ में मोबाईल देखे रहे दोनों युवक सानू भुईयां व करमु भुईयां गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायल युवकों को ईलाज के लिये छतरपुर के अनुमंडल अस्पताल भेजा गया है। इधर घटना के बाद से आनंद के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने दु:ख जाहिर करते हुये पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहने को कहा। साथ ही सरकार के तरफ से मिलने वाले लाभ को दिलाने का आश्वासन दिया है।

## पलामू प्रखंड स्तर पर ड्राइविंग लाइसेंस शिविर शुरू

# 10 लाभुकों को मिले लर्निंग लाइसेंस

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर:** आम लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सेवाएं प्रखंड स्तर पर उपलब्ध कराने की पहल के तहत पलामू जिला प्रशासन ने मंगलवार से विशेष अभियान की शुरूआत की। प्रथम चरण में लेस्लीगंज पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर का उद्घाटन डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया। इस दौरान उन्होंने ऑन द स्पॉट तैयार किए गए 10 लाभुकों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया। उस मौके पर डीसी ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल वाहन चलाने की अनुमति नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, यातायात नियमों का सम्मान करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की। साथ ही लोगों से सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक बनने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। समाचार लिखे जाने तक शिविर में 98 लोगों को लर्निंग लाइसेंस जारी किए जा चुके थे। मौके पर डीटीओ प्रमोद कुमार, सीओ जागो महतो समेत अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 6 से 16 जुलाई तक चलेगा रात्रिकालीन फाइलेरिया जांच अभियान

**मेदिनीनगर:** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिले में 6 से 16 जुलाई तक प्रतिदिन रात 10 बजे के बाद विशेष ब्लड सैंपल संग्रह अभियान चलाया जाएगा। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने इसकी तैयारियों की समीक्षा वर्चुअल बैठक में की। उन्होंने सभी प्रखंडों को जनप्रतिनिधियों और स्थानीय थाना के समन्वय से अभियान संचालित करने तथा व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी रात में सतही रक्त वाहिनियों में सक्रिय रहते हैं, इसलिए सटीक जांच के लिए रात 10 बजे के बाद ही रक्त नमूना लिया जाता है। उन्होंने आम लोगों से स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग करने की अपील की।

## 29 जुलाई तक हर हाल में पूरा करें मतदाता पुनरीक्षण अभियान, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीसी



**गढ़वा :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में उन्होंने अभियान से जुड़े सभी ईआरओ, एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाईजर एवं स्वयंसेवकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि 29 जुलाई तक सभी कार्य हर हाल में पूरा करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अभियान में किसी भी स्तर की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी तथा दोषी कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। डीसी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन आयोग का समयबद्ध एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसलिये सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन, गणना प्रपत्र का वितरण, दस्तावेजों का संकलन तथा डिजिटाईजेशन का कार्य पूरी जिम्मेदारी से करें, ताकि 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन निर्धारित समय पर हो सके। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 957 ईपी पार्ट्स का डाउनलोड एवं प्रिंट कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। अब तक 1,02,059 गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 11.84 प्रतिशत है। इनमें 1,763 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन, 1,682 का सत्यापन तथा 81 प्रपत्रों का ऑनलाईन सबमिशन पूरा किया जा चुका है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में कुल 4.26 लाख से अधिक मतदाताओं में से 37,620 गणना प्रपत्र वितरित किये गये हैं। वहीं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 4.35 लाख से अधिक मतदाताओं के बीच 64,439 प्रपत्र बांटे गये हैं। जिले में मतदाताओं की मैपिंग का कार्य भी लगातार जारी है। अब तक 763 प्रपत्रों की मैपिंग तथा 916 प्रोजेनी मैपिंग पूरी की जा चुकी है। डीसी ने सभी ईआरओ एवं एईआरओ को नियमित समीक्षा बैठक कर अभियान की प्रगति पर नजर रखने तथा सुपरवाईजरों को प्रत्येक बूथ का निरीक्षण कर गणना प्रपत्रों का समयबद्ध सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि बीएलओ के घर पहुंचने पर आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध कराएं तथा गणना प्रपत्र सही तरीके से भरकर समय पर जमा करें, ताकि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाई जा सके।

# अंधविश्वास व डायन प्रथा के प्रति किया जागरूक

### बीट पुलिसिंग के तहत एसडीपीओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

बंशीधर न्यूज



**पांडु :** सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने और आमजन के साथ पुलिस की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को बीट पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के कुटमु गांव में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीपीओ चिरंजीव मंडल ने कुटमु गांव के ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। मौके पर पांडू थाना प्रभारी बिगेश कुमार राय सहित अन्य कई पुलिस पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे। लोगों से संवाद के दौरान एसडीपीओ ने अपने आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने ग्रामीणों को अंधविश्वास, डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाओं के दुष्परिणामों से भी अवगत कराया। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि किसी महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करना या सामाजिक रूप से बहिष्कृत करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अफवाहों और अंधविश्वास पर विश्वास नहीं करने तथा किसी भी विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लेने की अपील की। कार्यक्रम में आसपास के कई गणमान्य नागरिक, महिलाएं और युवा मौजूद थे।

## पुलिस ने बिहार के पशु तस्कर मनोज मिश्रा के घर चिपकाया इश्तेहार



**रेहला :** पुलिस ने झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के आरोपी पिकअप वैन के मालिक मनोज कुमार मिश्रा के बिहार स्थित भोजपुर जिले के शाहपुर थाने के रुद्रनगर स्थित उनके घर पर इश्तेहार चिपकाया है। साथ ही उनके परिजनों को उक्त मामले में कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का सख्त निर्देश दिया है। रेहला थाने के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी के विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत किया गया है। उसी आलोक में आरोपी मनोज कुमार मिश्रा के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है और वहा के थाना चौक सहित चौक चौराहों के साथ कई सार्वजनिक जगहों पर इश्तेहार चिपकाया गया है। ताकि उक्त मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

## सीआरपी ने प्रधानाध्यापकों के साथ की समीक्षा बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर जोर

# स्कूलों में अधिक से अधिक पौधारोपण करें : संजय

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड अंतर्गत बीआरसी केंद्र चितविश्राम में गुरुवार को संकुल के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रयास कार्यक्रम की सफलता, ई-विद्यावाहिनी पोर्टल की अद्यतन स्थिति एवं पीएम पोषण योजना (एमडीएम) के सुचारू रूप से संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीआरपी संजय कुमार सिंह ने सभी प्रधानाध्यापकों को प्रयास कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दैनिक उपस्थिति को अनिवार्य रूप से ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपलोड करने, किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर तत्काल संपर्क कर उसका निदान कराने का निर्देश दिया। श्री सिंह ने सभी प्रधाध्यापकों को विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के तहत निर्धारित मेनू के अनुसार ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने, एमडीएम से संबंधित मैसेज को शत-प्रतिशत भेजना सुनिश्चित किये जाने एवं प्रयास कार्यक्रम की मासिक रिपोर्ट हर महीने की दो तारीख तक अनिवार्य रूप से जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई तक सभी विद्यालय शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन निश्चित रूप से कर लें। साथ ही ड्रॉप बॉक्स के बच्चों को इम्पोर्ट करने तथा इनरोलमेंट गैप वाले बच्चों की सूची बीआरसी एमआईएस कोआर्डिनेटर राजकुमार कुशवाहा के पास जमा करने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुये इको क्लब के तहत विद्यालयों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ पांडेय, अखिलेश प्रसाद, रागिनी रवानी, अजिताभ कुमार, सुभाष राम, नरेंद्र श्रीवास्तव, सुजीत कुमार सहित सीआरसी के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# पौधरोपण के साथ लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन ने नये सत्र का किया आगाज




बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन ने लायनेस्टिक सत्र 2026-27 की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के संकल्प के साथ पौधरोपण कर की। क्लब के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने पौधे लगाकर हरित पर्यावरण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजनल चेयरमैन रवीन्द्र जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मौके पर क्लब के अध्यक्ष विजय सोनी ने कहा कि नये लायनेस्टिक सत्र की शुरूआत पौधरोपण जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य के साथ करना क्लब के लिये गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ पूरे वर्ष शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिये प्रतिबद्ध है। सचिव हर्ष अग्रवाल ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। मौके पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष रवि अग्रवाल, पूर्व सचिव आशुतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### जपला दुर्गा मंदिर में चोरी, देवी-देवताओं के मुकुट व आभूषण ले भागे चोर

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद के जपला रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में देर रात चोरों ने देवी-देवताओं के सोने-चांदी के मुकुट और अन्य आभूषण चोरी कर लिए। घटना से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। बताया जाता है कि रात करीब दो बजे अज्ञात बदमाश मंदिर में प्रवेश कर मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं पर चढ़े मुकुट व अन्य कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरों की पूरी करतूत मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मंदिर समिति के सदस्य मंदिर पहुंचे। लोगों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की।

### सरिया लदे दो ट्रक की टक्कर में चालक की मौत,तीन घायल

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र की लुकुइया घाटी में गुरुवार को ब्रेक फेल होने से सरिया लदे दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि पीछे वाले ट्रक में लदा सरिया आगे वाले ट्रक के केबिन को चीरते हुए अंदर घुस गया। केबिन में फंसने से चालक राजेश यादव (40)की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में उमेश यादव दीपक तिवारी और रिंकु यादव घायल हो गए। सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। दोनों ट्रक राउरकेला से उत्तर प्रदेश की ओर सरिया लेकर जा रहे थे। आगे चल रहे 14 चक्का ट्रक के पीछे आ रहे 16 चक्का ट्रक का लुकुइया घाटी में अचानक ब्रेक फेल हो गया।

## गड़बड़ी ▶ एमडीएम चावल बिक्री के आरोप से मचा हड़कंप

# शिक्षा विभाग ने शुरू की जांच

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** प्रखंड के मकरी पंचायत स्थित कोरवाटोली उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के चावल की कथित बिक्री का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। भवनाथपुर बीआरसी से जुड़े शिक्षकों के व्हाट्सएप ग्रुप में एक ऑडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोप विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुश चौधरी पर लगाया गया है। हालांकि प्रधानाध्यापक ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। वायरल ऑडियो में विद्यालय के सहायक शिक्षक सोहित राम कथित तौर पर यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि प्रधानाध्यापक के कहने पर एमडीएम का करीब 12 किलो चावल बोरी में भरकर बेचा गया था। उनके अनुसार चावल बेचने के एवज में 400 रुपये मिले थे, जिसमें से 100 रुपये उन्होंने रखे। जबकि 300 रुपये प्रधानाध्यापक को दे दिये। इस कथित बयान के सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुये कहा कि विद्यालय में बच्चों के लिये आने वाले खाद्यान्न की नियमित निगरानी नहीं होने से इस तरह की अनियमितताओं की आशंका बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में बच्चों के अधिकारों से खिलवाड़ न हो। वहीं प्रधानाध्यापक कुश चौधरी ने अपने ऊपर लगाये गये सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुये उन्हें बेबुनियाद बताया है। दूसरी ओर सहायक शिक्षक सोहित राम ने कहा कि उन्होंने प्रधानाध्यापक के कहने पर चावल बेचा था और इसके एवज में मिले 400 रुपये में से कुछ राशि प्रधानाध्यापक को दी थी तथा शेष अपने पास रखी थी। इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रेणुबाला ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। ऑडियो वायरल करने वाले शिक्षक विक्की वशिष्ठ से लिखित शिकायत मांगी गई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जायेगी। यदि जांच में आरोप सही पाये जाते हैं तो संबंधित लोगों के विरुद्ध विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## हार्डवेयर दुकान में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल बाजार में आहार के पास हार्डवेयर सह सेनेटरी दुकान में बुधवार रात आग लग गई। आग से लाखों रुपये के सामान जलकर नष्ट हो गए। दुकान मालिक क्षति का आकलन करने में जुटा हुआ है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार पोलपोल बाजार में आहार के पास नागेंद्र विश्वकर्मा की विश्वकर्मा हार्डवेयर सह सेनेटरी दुकान संचालित है। बुधवार देर शाम मौसम खराब रहने के कारण समय से पहले दुकान बंद कर नागेंद्र घर चले गए थे। अचानक रात में सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दुकान के संचालक मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। दुकान के अंदर हार्डवेयर और सेनेटरी आइटम होने के कारण आग को फैलने में काफी बल मिला। देखते देखते पूरी दुकान जलकर नष्ट हो गई। बाद में इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। नगेंद्र ने गुरुवार सुबह बताया कि आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। दुकान के अंदर हार्डवेयर, सैनिटरी के अलावा सीमेंट भी रखा हुआ था। ऊपर लेंटर मकान में दुकान संचालित था, जबकि अंडरग्राउंड में सीमेंट सहित अन्य सामान रखे हुए थे। एक अनुमान के अनुसार 50 से 60 लाख का नुकसान हुआ है।

### कुंडो चैम्पियनशिप में संत मरियम के खिलाड़ियों ने जीते छह पदक



**मेदिनीनगर :** मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27-28 जून को आयोजित 24वीं अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत-कुंडो डूं चैम्पियनशिप में संत मरियम विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीतकर पलामू और झारखंड का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में 15 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अक्ष राज सिंह और आदित्य सोम्या गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सचिन कुमार गुप्ता, दुर्गेश्वर चौधरी एवं राजा कुमार ने रजत पदक अपने नाम किया। विवेक सिंह ने कांस्य पदक हासिल कर टीम की सफलता में योगदान दिया। टीम ने मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक क्योशी डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जबकि शिहान अनिस्टर यादव टीम मैनेजर रहे। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी पदक विजेताओं और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन ने विद्यालय के साथ पूरे पलामू का गौरव बढ़ाया है।

### मलय डैम के चैनल की मरम्मत नहीं होने पर सड़क जाम की चेतावनी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के किसानों की लाइफलाइन मलय डैम के चैनल संख्या 18 की स्थायी मरम्मत की मांग को लेकर गुरूवार को सतबरवा, सदर और लेस्लीगंज प्रखंड क्षेत्र के किसान उपायुक्त से मिले। उपायुक्त को बताया गया कि चैनल के टूटने के 08 माह बीत जाने के बाद भी मरम्मत नहीं करायी गयी है। पूर्व में भी मरम्मत को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। बरसात का मौसम शुरू हो गया है और किसान खरीफ फसल लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। ऐसे में उनके समक्ष सिंचाई समस्या परेशानी में डाली हुई है। जल्द मरम्मत नहीं की गयी तो किसान सड़क पर उतरकर आन्दोलन करेंगे और सड़क जाम किया जायेगा। डीसी से मिलने वालों में समाजिक कार्यकर्ता आशिष सिन्हा, सतबरवा जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पांकी उरांव, पूर्व जिला पार्षद अर्जून सिंह, किसान हरिनंदन सिंह, सुशील सिंह, आनंद सिंह सहित कई किसान मौजूद थे।

### पहली बारिश में ही खुली नगर पंचायत की पोल, वार्ड नंबर तीन के कई घरों में घुसा बारिश व नाली का पानी



**श्री बंशीधर नगर :** मानसून की पहली बारिश ने ही श्री बंशीधर नगर पंचायत की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। वार्ड नंबर 2 से निकलने वाला नाली का पानी सीधे वार्ड नंबर 3 के कई घरों में घुस गया। घरों में जलजमाव होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की ओर से नालियों की समुचित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं किये जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उधर नाली का गंदा पानी घरों में घुसने से लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो गई है। साथ ही गंदगी और जलजमाव के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। वार्ड वासियों ने बताया कि हर वर्ष बरसात के मौसम में उन्हें इसी समस्या का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने एवं नालियों की सफाई कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि यदि जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और अनुशासन ही आरके पब्लिक स्कूल की पहचान : अलखनाथ

# एआई से प्रश्नोतर को प्रेरित न करें अभिभावक

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिये अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन और सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों को चैटजीपीटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा अन्य सोशल मीडिया माध्यमों का उपयोग कर प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिये प्रोत्साहित न करें। विद्यार्थियों को पुस्तकों का गहन अध्ययन कर विषय को स्वयं समझने और अपने शब्दों में उत्तर लिखने की आदत विकसित करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि मेहनत, नियमित अभ्यास और स्वाध्याय का कोई विकल्प नहीं है तथा यही सफलता की मजबूत नींव है। श्री पाण्डेय ने अभिभावकों से बच्चों की दैनिक दिनचर्या, समय प्रबंधन, पढ़ाई के प्रति एकाग्रता और उनकी संगति पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों के साथ पर्याप्त समय बिताएं, विद्यालय की गतिविधियों की नियमित जानकारी लें तथा स्कूल के साथ निरंतर संवाद बनाये रखें, ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर ढंग से संवारा जा सके। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और अनुशासन ही आरके पब्लिक स्कूल की पहचान है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान पूरे शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट उपस्थिति, सर्वश्रेष्ठ यूनिफॉर्म, अनुशासन तथा विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में टेबल टेनिस संघ के सचिव आनंद सिन्हा, अनूप पांडेय सहित काफी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।



## 'जना नायकन' को जल्द हरी झंडी मिलने की संभावना

तमिल अभिनेता से राजनेता बने मुख्यमंत्री विजय की आखिरी फिल्म 'जना नायकन' एक बार फिर चर्चा में है। लंबे समय से सेंसर बोर्ड की मंजूरी का इंतजार कर रही इस फिल्म को अब जल्द हरी झंडी मिलने की संभावना है। फिल्म को दिसंबर 2025 में सेंसर बोर्ड के पास भेजा गया था, लेकिन कुछ औपचारिक मंजूरियों के चलते इसकी प्रक्रिया लंबी खिंच गई। अब रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को जल्द प्रमाणपत्र मिल सकता है, जिससे इसकी रिलीज का रास्ता साफ हो जाएगा। एच. विनोद के निर्देशन में बनी 'जना नायकन' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है। यह अभिनेता के रूप में मुख्यमंत्री विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है, क्योंकि इसके बाद उन्होंने पूरी तरह राजनीति का रुख कर लिया। फिल्म में बॉबी देओल, पूजा हेगड़े, ममिता बैजू, प्रकाश राज और गौतम वासुदेव मेनन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म पहले जनवरी 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ अपरिहार्य कारणों से इसकी रिलीज टाल दी गई थी। अब जुलाई 2026 में इसके सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है। प्रोडक्शन टीम ने प्रशंसकों के धैर्य के लिए आभार जताते हुए भरोसा दिलाया है कि विजय की विदाई फिल्म दर्शकों के लिए यादगार सिनेमाई अनुभव साबित होगी।

## रिलीज से पहले 'नागबंधनम' के मेकर्स ने दिया सरप्राइज



साउथ भारतीय पैन-इंडिया फिल्म 'नागबंधम' 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला 'अल्फा' से होगा, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में हैं। रिलीज से पहले 'नागबंधम' के निमार्ताओं ने हिंदी दर्शकों को आकर्षित करने के लिए एक विशेष ऑफर की घोषणा की है, जिसके तहत एक टिकट खरीदने पर दूसरा टिकट मुफ्त मिलेगा। यह सुविधा केवल फिल्म के हिंदी संस्करण पर लागू होगी। रिपोर्ट के अनुसार, दर्शक डिस्ट्रिक्ट ऐप और बुक-माय-शो के माध्यम से इस ऑफर का लाभ उठा सकेंगे। हाल ही में फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू की गई है। माना जा रहा है कि इस रणनीति के जरिए निमार्ता हिंदी भाषी बाजार में फिल्म की पहुंच बढ़ाने और शुरूआती दर्शक संख्या में इजाफा करने का प्रयास कर रहे हैं। विराट कर्ण और नाभा नतेश अभिनीत 'नागबंधम' भारत के प्राचीन विष्णु मंदिरों और उनसे जुड़े रहस्यमयी खजानों की कहानी पर आधारित है। फिल्म में महेश मांजरेकर, जगपति बाबू और मुरली शर्मा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का लेखन और निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है, जबकि निर्माण अभिषेक पिक्चर्स और एनआईके स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है।

## मणिपुर में अब भी हालात सामान्य नहीं हुए : राहुल गांधी



# भारत-जापान आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता, एआई क्षेत्र में सहयोग



**नई दिल्ली।** भारत और जापान गुरुवार को आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में बड़े स्तर पर सहयोग करने को सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच आज 16 बिन्दुओं पर सहमति बनी। इसमें आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणापत्र, एआई के क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त वक्तव्य और ऊर्जा लचीलापन पर संयुक्त वक्तव्य शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में आज अपनी समकक्ष सनाए तकाइची के साथ 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य दिया जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने तकाइची को छोटी बहन कहकर संबोधित किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान भारत-जापान संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक वार्ता हुई, जिनमें व्यापार एवं निवेश, आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, रक्षा और जन-समुदाय आदान-प्रदान शामिल थे। उन्होंने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ठोस प्रगति हुई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपनाया- आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणापत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त वक्तव्य और ऊर्जा लचीलापन पर संयुक्त वक्तव्य। दोनों नेताओं ने आर्थिक सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान एवं विकास से संबंधित प्रमुख समझौता ज्ञापनों और समझौतों के आदान-प्रदान को देखा। दोनों पक्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली गतिविधियों की सूची पर सहमत हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि अगले 10 सालों में भारत जापान से 10 ट्रिलियन येन (जापानी मुद्रा) के निवेश और देश में काम कर रही जापानी कंपनियों की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

वार्ता के बाद पत्रकार वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे परे शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने में हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की भूमिका को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि आज की बैठकों से कई महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं, जो मोटे तौर पर तीन प्रमुख क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। ये क्षेत्र हैं आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, आर्थिक सुरक्षा, रक्षा, आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ीकरण, प्रौद्योगिकी, नवाचार और जन-समुदाय आदान-प्रदान सहित कई क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत नींव पर विचार-विमर्श किया। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे परे शांति, समृद्धि और स्थिरता के संदर्भ में हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की भूमिका को स्वीकार किया।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि बहुपक्षीय मोर्चे पर दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल सुधार के लिए अन्य जी4 देशों के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, जिसमें स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों का विस्तार शामिल है, जिसका अधिकांश सदस्य देश समर्थन करते हैं, ताकि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके। दोनों प्रधानमंत्रियों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट और कड़ी निंदा की, जिसमें पाकिस्तान से होने वाला सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की घोर निंदा की। दोनों प्रधानमंत्रियों ने पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने नौवहन और हवाई उड़ान की स्वतंत्रता के साथ-साथ सुरक्षा को खतरे में डालने वाली किसी भी एकतरफा कार्रवाई और बल या दबाव द्वारा यथास्थिति को बदलने के प्रयासों के प्रति अपने कड़े विरोध को दोहराया।

## तृणमूल के तीन बैंक खातों पर रोक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट सख्त, बैंक से हलफनामा और पुलिस से जांच रिपोर्ट तलब




**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के तीन बैंक खातों पर लगाए गए डेबिट प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निजी बैंक और पुलिस को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने संबंधित बैंक को खातों का पूरा विवरण देते हुए विस्तृत हलफनामा दाखिल करने तथा पुलिस को मामले की जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। हालांकि अदालत ने फिलहाल तृणमूल कांग्रेस की डेबिट प्रतिबंध हटाने की मांग पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही तीनों खातों से धन निकासी पर लगी रोक अगले आदेश तक जारी रहेगी। अदालत ने बैंक और पुलिस, दोनों को सात जुलाई तक अपना-अपना हलफनामा और जांच रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि इसी महीने पुलिस के निर्देश पर संबंधित निजी बैंक ने तृणमूल कांग्रेस के तीन बैंक खातों पर डेबिट प्रतिबंध लगा दिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई दो घटनाक्रमों के बाद की गई। पहले, तृणमूल के पूर्व कोषाध्यक्ष और पूर्व मंत्री अरूप विश्वास, जो वर्तमान में पार्टी से निष्कासित ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले विद्रोही लेकिन बहुमत वाले गुट से जुड़े बताए जाते हैं, ने बैंक को पत्र लिखकर निधियों के कथित दुरुपयोग की आशंका जताते हुए तीनों खातों को फ्रीज करने का अनुरोध किया था। इसके बाद इसी गुट के कुछ तृणमूल विधायकों ने भी पुलिस से यही मांग की। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने बैंक को खातों पर डेबिट प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। बताया जा रहा है कि इन तीनों खातों में लगभग 440 करोड़ रुपये जमा हैं। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल गुट ने बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के फैसले को कलकत्ता उच्च न्यायालय में चुनौती दी। गुरुवार को मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद न्यायालय ने बैंक को खातों से संबंधित सभी विवरण हलफनामे के माध्यम से प्रस्तुत करने तथा पुलिस को जांच की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई के दौरान अदालत बैंक और पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर आगे का निर्णय लेगी।

## स्कूलों में मंत्रोच्चार अनिवार्य करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**रायपुर।** बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सरकारी स्कूलों में सरस्वती वंदना और गायत्री मंत्र जैसे मंत्रोच्चार अनिवार्य करने के राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ दायर याचिका को आज खारिज कर दिया। राज्य सरकार ने अदालत में स्पष्ट किया कि 12 जून 2026 को जारी किया गया सर्कुलर अभी प्रदेश के किसी भी स्कूल में लागू नहीं किया गया है। इस आधार पर उच्च न्यायालय ने कहा कि फिलहाल इस पर हस्तक्षेप करने का कोई ठोस आधार नहीं है। उच्च न्यायालय के जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। यह याचिका पूर्व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष अब्दुल सलाम रिजवी और अन्य लोगों द्वारा दायर की गई थी। याचिकाकताओं के वकील डॉ. अमीर खान ने दलील दी थी कि स्कूलों में मंत्रोच्चार अनिवार्य करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 28 का उल्लंघन है, जो सरकारी संस्थानों में धार्मिक शिक्षा देने पर रोक लगाता है। याचिकाकताओं की मुख्य दलील थी कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 28(1) स्पष्ट रूप से कहता है कि पूर्ण रूप से सरकारी फंड से चलने वाले शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। किसी एक धर्म विशेष के मंत्रों को अनिवार्य करना राज्य की धार्मिक तटस्थता के खिलाफ है। राज्य सरकार ने अदालत में स्पष्ट किया कि 12 जून 2026 को जारी किया गया यह सर्कुलर अभी प्रदेश के किसी भी स्कूल में लागू नहीं किया गया है। इस आधार पर उच्च न्यायालय ने कहा कि फिलहाल इस पर हस्तक्षेप करने का कोई ठोस आधार नहीं है। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र को सरकारी स्कूलों में हिंदू प्रार्थनाएं या मंत्र पढ़ने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

### संयुक्त राष्ट्र को आंकड़ा 10,000 पहुंचने की आशंका

# वेनेजुएला भूकंप त्रासदी, हताहतों की संख्या 2,295



**काराकास (वेनेजुएला)।** वेनेजुएला में दिन गुजरने के साथ-साथ भूकंप त्रासदी में हताहतों की बढ़ती संख्या डरावनी होती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने तो यह आंकड़ा 10,000 तक पहुंचने की आशंका जताई है। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज के अनुसार, वेनेजुएला में आए दोहरे भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,295 हो गई है। रोड्रिगेज ने सरकारी टेलीविजन पर कहा कि हजारों अन्य लोग घायल भी हुए हैं। स्काई न्यूज की रिपोर्ट में जॉर्ज रोड्रिगेज और संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक जियानलुका रैम्पोला डेल टिंडारो के हवाले से यह जानकारी दी गई। वेनेजुएला में 24 जून को आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दोहरे भूकंप के बाद भारत समेत दुनिया भर के प्रमुख देशों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। टिंडारो ने माना कि संयुक्त राष्ट्र ने 10,000 बॉडी बैग मंगवाए हैं। एक न्यूज वेबसाइट के अनुसार, 43,000 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। रोड्रिगेज के अनुसार, 15,866 लोग बेघर हो गए हैं। नासा के अनुमान के अनुसार, 59,000 इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस समय बचावकर्मी मलबे में जीवित बचे लोगों और अन्य पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। एक अमेरिकी जनरल ने बताया कि राहत कार्यों में मदद के लिए वेनेजुएला, प्यूर्टो रिको और कुराकाओ में 1,700 अमेरिकी कर्मियों को तैनात किया गया है। सहायता समूहों ने चेतावनी दी है कि पहले से ही कमजोर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर भारी दबाव है। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने 500,000 लोगों को आपातकालीन खाद्य सहायता प्रदान करने के लिए 5 करोड़ डॉलर मदद की अपील की है।

सरकारी अधिकारियों के अनुसार 24 जून के दोहरे भूकंप के बाद वेनेजुएला में करीब 782 आफ्टरशॉक्स दर्ज किए गए। अभी भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में मलबे को पूरी तरह से हटाया नहीं जा सका है। त्रासदी यह भी है कि वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देशों में से एक है। लेकिन देश में आए दोहरे भूकंप की वजह से ईंधन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसके कारण राहत और बचाव अभियान भी धीमी रफ्तार से चल रहे हैं। भारी मशीनरी चलाने के लिए पेट्रोल नहीं मिल रहा। जनता को अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को ढूंढने के लिए अपने हाथों से मलबा हटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)